# पांचवीं वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा विवरण

# 2020-21

## कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड


कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

(CIN-U01100BR2017PTC035807)

(कंपनी अधिनियम,1956 के भाग IXA के प्रावधानों के अन्तर्गत निगमित)

# कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

## मूल्य (Values):

- संस्था का हित सर्वोपरि
- ईमानदारी एवं पारदर्शिता
- वचनबद्धता
- जागरूकता एवं ज़िम्मेदारी
- गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता हर स्तर पर
- नवविचार
- टीम भावना

## ध्येय (Mission):

- कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी अपनी सभी सदस्याओं से गुणवत्ता युक्त दूध का नियमित संकलन उचित मूल्य पर करेगी एवं अपने क्षेत्र में दूध उत्पादन वृद्धि हेतू पशु नस्ल सुधार और तकनीकि सुविधाएँ उपलब्ध कराएगी । कंपनी सदस्याओं के दूध व्यवसाय से अर्जित आमदनी में वृद्धि के लिए बचनबद्ध है ।

## दीर्घदृष्टि ( Vision):

- कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी देश की दूध व्यवसाय से जुड़ी प्रमुख महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियों में से एक होगी और अपने कार्यक्षेत्र की दूध उत्पादक महिलाओं की पहली पसंद होगी एवं दूध और दूध उत्पाद की उच्च गुणवत्ता के लिए जानी जाएगी ।

## निदेशक मंडल

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती मीरा देवी | **(DIN- 07904299)** | - | निदेशक |
| श्रीमती ममता चौपाल | **(DIN- 07904272)** | - | निदेशक |
| श्रीमती पूनम कुमारी | **(DIN- 07904325)** | - | निदेशक |
| श्रीमती रंजू कुमारी | **(DIN- 07904330)** | - | निदेशक |
| श्रीमती कोमल कुमारी | **(DIN- 08730884)** | - | निदेशक |
| श्रीमती प्रीती कुमारी | **(DIN- 08730846)** | - | निदेशक |
| श्रीमती रंजू कुमारी | **(DIN- 08841324)** | - | निदेशक एवं अध्यक्षा |
| श्री श्रीराम सिंह | **(DIN- 06895219)** | - | विशेषज्ञ निदेशक |
| श्री हीरक घोष | **(DIN- 09228855)** | - | विशेषज्ञ निदेशक |
| श्री संदीप कुमार यादव | **(DIN- 08614881)** | - | निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी |

## कंपनी सचिव

श्री प्रेमशंकर चौधरी

## वैधानिक लेखा अंकेक्षक

एस.बी. बिलिमोरिया एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
(पंजीयन संख्या **101496W**)
गुरुग्राम

## आंतरिक लेखा अंकेक्षक

रे एंड रे
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
(पंजीयन संख्या **301072E**)
मुंबई

## बैंकर्स

एच डी एफ सी बैंक लिमिटेड,पूरब बाज़ार,सहरसा
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,पूरब बाज़ार, सहरसा

## रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट

लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि.
प्रथम मंजिल नोबल हाईट
सी-**1** ब्लॉक,जनकपुरी,
नई दिल्ली-**110058**

रजिस्टर्ड ऑफिस: वार्ड संख्या 31, हटिया गाछी , एनएच-107, सहरसा , बिहार -852201
दूरभाष:-**+918252911011**, ईमेल(**Email**):**-enquiry@kaushikeemilk.com,**
वेबसाइट(**website**):-**www.kaushikeemilk.com**

**<u>कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड</u>**

**<u>कौशिकी महिला दुग्ध उत्पादक कंपनी लिमिटेड (Kaushikee Mahila Milk Producer Company limited)</u>**

**<u>सदस्यों के लिए निदेशकों की रिपोर्ट (Directors' Report to the Shareholders)</u>**

आपके निदेशकों को 31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष लिए कंपनी व्यवसाय और संचालन संबंधी अंकेक्षित खाते पाँचवीं वार्षिक प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही हैं।

कंपनी का निगमन कंपनी अधिनियम,1956 के भाग **IXA** ( वर्तमान में कंपनी अधिनियम **2013** का भाग **XXIA**) के प्रावधानों के तहत एक उत्पादक कंपनी के रूप में 22 सितम्बर, 2017 को बिहार राज्य में दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों का प्राथमिक तौर पर इसके सदस्यों से संग्रहण, क्रय तथा प्रसंस्करण करने एवं उनके विपणन तथा उनसे संबंधित सभी प्रकार की क्रियाओं हेतु किया गया था।

## 1. वित्तीय परिणाम (Financial Results):-

संक्षिप्त में कंपनी के वित्तीय परिणाम निम्न प्रकार से हैं**:**

| विवरण | 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए (₹) | 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए (₹) |
|---|---:|---:|
| संचालन से राजस्व | 26,23,68,392 | 16,54,45,608 |
| अन्य आय | 5,36,064 | 21,17,149 |
| कुल आय | 26,29,04,456 | 16,75,62,757 |
| सामग्री लागत सहित व्यय | 25,50,22,479 | 15,49,67,227 |
| पूर्व अवधि समायोजन और आयकर पूर्व लाभ | 82,30,273 | 1,25,95,530 |
| पूर्व अवधि समायोजन – आय | - | - |
| आयकर से पहले की अवधि के लिए लाभ/(हानि) | 82,30,273 | 1,25,95,530 |
| आयकर के लिए प्रावधान | 14,77,939 | 22,10,405 |
| आस्थगित आयकर आस्तियां/दायित्व | (3,00,690) | (6,48,096) |
| आयकर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) | 70,53,024 | 1,10,33,221 |

## 2. कंपनी के मामलों का स्थिति (State of Company's Affairs):-

समीक्षा वर्ष के दौरान, कंपनी का परिचालनों से कुल राजस्व ₹ 1,676 लाख से बढ़कर ₹ 2,629 लाख हो गया है, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 56.86 % की वृद्धि दर्ज हुई है और कुल खर्च ₹ **1,550** लाख से बढ़कर ₹ 2,547 लाख हुआ है जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में **64.32 %** वृद्धि दर्ज हुई है ।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कंपनी की लाभ(आयकर पश्चात) ₹ 71/- लाख (लगभग) हुई है।

## 3. सीमित रिटर्न (लाभांश) Limited Return (Dividend):-

निदेशक मंडल वित्तीय वर्ष **2020-21** के दौरान लाभांश के रूप में भुगतान की जाने वाली किसी भी राशि का प्रस्ताव नहीं करता है ।

## 4. सामान्य संचय में स्थानांतरण (Transfer to General Reserve):-

कंपनी के अनुच्छेद 11.10 के अनुच्छेद संख्या 11.10 के प्रावधानों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378Z1 के साथ पढ़े जाने के अनुसार, निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए ₹ **71**/- लाख (आयकर पश्चात लगभग) की राशि को आर्थिक चिट्ठा में सामान्य संचय में हस्तांतरण करना प्रस्तावित है।

## 5. संचालन की समीक्षा (Review of Operations):-

### *i) दुग्ध उपार्जन* (Milk Procurement):-

कंपनी ने 11 अक्टूबर 2018 को अपना परिचालन शुरू किया था और 31 मार्च 2021 तक 570 एमपीपी का संचालन कर रही है।

कंपनी का दूध उपार्जन कार्य कोशी प्रमंडल के तीन जिलों सहरसा, सुपौल और मधेपुरा में फैला हूआ है । उपर्युक्त जिलों के अंतर्गत, कंपनी ने 31 मार्च 2021 तक विभिन्न स्थानों जैसे सरोजा, सोनबरसा, सत्तरकटैया, पतरघट, सिंहेश्वर, त्रिवेणीगंज, निर्मली, हरिहरपुर, कुमारखंड, आलमनगर, बिहारीगंज में 11 बीएमसी (बल्क मिल्क कूलर) स्थापित किए हैं।

वित्तीय वर्ष **2020-21** के दौरान, कंपनी ने कच्चे दूध के औसतन **17,534 किलोग्राम प्रतिदिन** (कुल मात्रा: **63,99,935.15 किलोग्राम)** की उपार्जन की है।

इस रिपोर्ट की तारीख तक, कंपनी ने 200 अतिरिक्त एमपीपी स्थापित करने के लक्ष्य के साथ खगड़िया जिले में दूध उपार्जन गतिविधि भी शुरू कर दिया है तथा परबत्ता, अलौली और मलपा चौथम में तीन और बीएमसी (बल्क मिल्क कूलर) भी शुरू की है ।

कंपनी ने वित्तीय वर्ष **2020-21** के दौरान ,सदस्यों के बैंक खातों में दूध भुगतान के रूप में लगभग ₹ **21.77** करोड़ का भुगतान किया है।

कंपनी अपने सदस्यों को, उनके द्वारा आपूर्ति की जा रही दूध के लिए प्रतिस्पर्धी और लाभकारी मूल्य का भुगतान करती है । कंपनी लगातार आपनी क्षमता बढ़ाकर और लॉजिस्टिक्स लागत को कम कर, बेहतर पर्यवेक्षण, गुणवत्ता जांच और बेहतर लॉजिस्टिक्स नियंत्रण आदि जैसे के लागत में कमी के उपाय करके अपने सदस्यों से दूध उपार्जन को अधिकतम करने के लिए प्रयास कर रही है ।.

## ii) उत्पाद संविभाग (Products Portfolio):-

### क) पशु चारा (Cattle Feed)

कंपनी ने वित्तीय वर्ष **2020-21** के दौरान **"कौशिकी गोल्ड"** के अपने ब्रांड के तहत **346.54 मीट्रिक टन** पशु चारा बेचा है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग **371.98** प्रतिशत ज्यादा हुई है।

### ख) खनिज मिश्रण (Mineral Mixture)

कंपनी ने अपने ब्रांड नाम के तहत खनिज मिश्रण को **"कौशिकी मिन"** के रूप में विकसित किया है, जो संचालन के क्षेत्र में उपलब्ध चारे, जलवायु और खिलाने की आदतों को ध्यान में रखते हुए और दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य, दुग्ध उत्पादन और प्रजनन में सुधार के लिए उत्पादकों को प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उपलब्ध कराया जाता है । वितीय वर्ष 2020-21 के दौरान कंपनी ने लगभग **22.80 मीट्रिक टन** खनिज मिश्रण बेचा है जोकि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग **285.14 प्रतिशत** ज्यादा है।

## iii) उत्पादक संस्था विकास (Producer Institution Building):-

पीआईबी विभाग अपने बेहतर प्रशासन और सदस्य केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से व्यापार को मजबूत करता है। पीआईबी विभाग अपने प्रयासों को सक्रिय सदस्यता बढ़ाने के लिए निर्देशित करता है, जिसके परिणामस्वरूप कंपनी की अर्थव्यवस्थाएं वृहत पैमाने पर बेहतर होती है।

## iv) कृत्रिम गर्भधान कार्यक्रम (Artificial Insemination Program):-

कंपनी ने दुधारू पशुओं की उत्पादकता में सुधार, दुग्ध उत्पादन की लागत को कम करने और किसानों की आय को बढ़ाने के लिए, किसानों के दरवाजे पर प्रशिक्षित योग्य मोबाइल कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियनों के माध्यम से शीर्ष आनुवंशिकी का उपयोग करके,गुणवत्तापूर्ण एआई सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से एआई सेवाओं को लागू किया है ।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कौशिकी ने किसानों को उनके दरवाजे पर गुणवत्तापूर्ण एआई सेवा प्रदान की है। प्रजनन सेवा के लिए कुशल निगरानी और क्षेत्र विस्तार सहायता को सुगम बनाने के लिए, मोबाइल कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन पूरे कौशिकी परिचालन क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। इसके अलावा, कंपनी ने पीईएस गतिविधियों के क्षेत्र में सेवाओं और समर्थन को बढ़ाने के लिए कई योग्य पशु चिकित्सकों को नियोजित किया है

समीक्षा वर्ष के दौरान, कंपनी ने **38,775** कृत्रिम गर्भाधान अपने **36 MAIT(मैट्स)** के द्वारा किए है |

## *v) गुणवत्ता पहल (Quality Initiative):-*

उपयोग में आने वाले बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) कच्चे दूध की गुणवत्ता परीक्षण के लिए बुनियादी परीक्षण सुविधाओं और उपकरणों से अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। कंपनी के संचालन में उच्च गुणवत्ता के स्तर को सुनिश्चित करने और बनाए रखने की दिशा में, कंपनी ने स्वच्छता पर जोर देने के साथ सभी संबंधितों को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण प्रदान किया है जो सीधे दूध की गुणवत्ता से जुड़े हुए हैं।

***vi) एमपीसी कोर डिजाइन सिद्धांत (MPC's Core Design Principles):-***

कंपनी ने कोर डिजाइन सिद्धांतों का सख्ती से पालन किया गया है। व्यापार सौदे केवल सदस्यों के साथ ही सीमित रखे गए हैं । सक्रिय सदस्यता और व्यापार तथा शासन में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया है। अधिकांश सक्रिय सदस्यों ने वर्ष के दौरान न्यूनतम शेयर पूंजी योगदान प्रदान किया है। सदस्यों और कंपनी के बीच दोतरफा संचार सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर मिलने वाले ग्राम स्तर पर अनौपचारिक समूहों के गठन के माध्यम से सदस्य संचार और शिकायत निवारण के लिए उपयुक्त तंत्र शुरू किया जा रहा है। कर्मचारियों को व्यवसायिक संचालन को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने के लिए व्यवहारिक और प्रेरक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है और जल्द से जल्द व्यवहार्यता और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक पैमाने की अर्थव्यवस्था को प्राप्त किया जाता है।

## 6. वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद भौतिक परिवर्तन(Material Changes After Closure Of Financial Year):-

31 मार्च, 2021 के बाद कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई भौतिक परिवर्तन नहीं हुई हैं। नियामकों और अदालतों द्वारा पारित कोई महत्वपूर्ण और भौतिक आदेश नहीं हैं जो कंपनी की चल रही स्थिति और उसके भविष्य के संचालन को प्रभावित करें|

## 7. व्यवसाय की प्रकृति में परिवर्तन (Change In Nature Of Business):-

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के कारोबार की प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

## 8. निदेशक मण्डल (Board Of Directors):-

समीक्षित वर्ष के दौरान श्री ब्रजेश नारायण सिंह को विशेषज्ञ निदेशक के रूप में 24 नवंबर 2020 से दो साल के लिए नियुक्त किया गया था। 1 अप्रैल 2021 को किसी व्यक्तिगत कारणों से उन्होंने निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है,बोर्ड उन्हें उनकी सेवाओं के लिए उनका धन्यवाद करता है |

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 378P एवं अन्य प्रासंगिक लेखों तथा कंपनी के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के लागू अनुच्छेद 9.6 के अनुसार श्री श्रीराम सिंह को 7 अप्रैल 2021 और श्री हिरक घोष को 6 जुलाई 2021 से दो वर्षों के लिए कंपनी के विशेषज्ञ निदेशक के रूप नियुक्त किया गया था।

श्रीमती ममता चौपाल (डी आई एन:07904272) और श्रीमती रंजू कुमारी (डी आई एन: **07904330**) आगामी आम बैठक में सेवानिवृत्त हो रही हैं।

श्रीमती ममता चौपाल (डी आई एन: 07904272) और श्रीमती रंजू कुमारी(डी आई एन: **07904330**) को फिर से नियुक्ति के लिए अयोग्य पाया गया है जिसके परिणामस्वरूप श्रीमती रूबी कुमारी (फोलियो संख्या 0002660 ) एवं श्रीमती सीमा कुमारी (फोलियो संख्या 0010402 ) को, निदेशक पहचान संख्या प्राप्त की तिथि से, निदेशक नियुक्त की जाती है , जिनके कार्यालय की अवधि चक्रिय क्रम के आधार पर सेवानिवृत्त होने के लिए उत्तरदायी होगी । बोर्ड उन्हें कंपनी के साथ निदेशक के रूप में कार्य करने और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं।

## 9. बोर्ड के सदस्यों का प्रशिक्षण (Training Of Board Members):-

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, निदेशकों ने दुग्ध व्यवसाय में वित्त के क्षेत्र के कौशल विकास कार्यक्रम में भाग लिया है जिसमें उन्होंने वित्तीय स्थिति और लाभ और हानि विवरणों के मापदंडों के बारे में सीखा है । इससे कंपनी के कामकाज के बारे में उनकी जागरूकता बढ़ी है जिससे वे अधिक कुलश तरीके से अपनी नेतृत्व भूमिका निभा सकते हैं ।

## 10. सदस्यता/मताधिकार/शेयर पूंजी (Membership/Voting Rights/Share Capital):-

31 मार्च, 2021 तक जमा शेयर पूंजी ₹ 1,10,62,500 थी, और कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर पर 23,486 सदस्य शामिल थे। समीक्षाधीन अवधि के दौरान सदस्यता मानदंडों और अन्य कारणों से 1,405 सदस्यों की सदस्यता रद्द/आत्मसमर्पण कर दिया गया है।

31 मार्च, 2021 के बाद कंपनी ने 5,931 नए सदस्यों का नामांकन किया है और सदस्यता मानदंडों और अन्य कारणों को पूर्ति न करने के कारण 1,298 सदस्यों की सदस्यता रद्द/आत्मसमर्पण कर दी गई है। इसलिए, इस रिपोर्ट की तारीख के रूप में सदस्यों की कुल संख्या 28,119 सदस्यों और भुगतान किए गए शेयर पूंजी राशि ₹15,681,900 है।

### i) एजीएम में मतदान का अधिकार और उपस्थिति (Voting Rights and attendance at AGM)

कुल 23,486 सदस्यों में से 1,450 सदस्य, जिन्होंने मतदान के लिए लागू शर्तों को पूरा किया है, (पिछले वित्तीय वर्ष में कम से कम 500 लीटर कुल कम से कम 200 दिनों के लिए दूध डालना) परिणामस्वरूप 2020-2021 के दौरान उन्हें वार्षिक सामान्य बैठक में नोटिस में निर्धारित सभी संकल्पों पर मताधिकार है। इसके अलावा, 22,036 सदस्य, जिन्होंने मतदान के लिए उपरोक्त शर्त को पूरा नहीं किया है, ने वार्षिक आम बैठक में अपना मतदान अधिकार खो दिया है और 1298 सदस्य जिनकी सदस्यता 31 मार्च 2021 के बाद रद्द कर दी गई है, वे आगामी वार्षिक आम सभा (एजीएम) में भाग लेने के हकदार नहीं हैं।

और 5931 नए सदस्य, जिन्हें 31 मार्च, 2021 के बाद कंपनी के सदस्य के रूप में भर्ती किया गया था, 5वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) में मतदान के अधिकार के लिए हकदार नहीं होंगे ।

## 11. निदेशकों की जिम्मेदारी का बयान ( Directors' Responsibility Statements):-

कंपनी अधिनियम, 2013 (**'अधिनियम'**) की धारा 134 के तहत निदेशक इस बात की पुष्टि करते हैं कि:

a) वार्षिक खातों की तैयारी में, कंपनी द्वारा लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है;

b) निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया है और उन्हें लगातार लागू किया है और ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए हैं जो उचित और विवेकपूर्ण थे ताकि 31 मार्च, 2021 तक कंपनी की स्थिति और उस तारीख को समाप्त हुई अवधि के लिए कंपनी के लाभ का सही और उचित दृष्टिकोण दिया जा सके।

c) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के साथ-साथ पर्याप्त लेखांकन अभिलेखों के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की है ।;

d) निदेशकों ने वार्षिक खातों को लाभकारी व्यापार के आधार पर की है ; तथा

e) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की थीं और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त थीं और प्रभावी ढंग से कार्य कर रही थीं ।

## 12. बोर्ड की बैठकें (Board Meetings):-

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 173 के प्रावधानों और वहां बनाए गए नियमों के अनुसार, प्रत्येक कंपनी को हर साल अपने निदेशक मंडल की न्यूनतम चार बैठक इस तरह से आयोजित करेगी कि बोर्ड की लगातार दो बैठकों के बीच एक सो बीस दिन से अधिक अंतर न हो।

31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान , 27 मई, 2020, 18 सितंबर, 2020, 24 नवंबर, 2020 और 23 मार्च, 2021 को चार (4)बोर्ड की बैठकें हुईं है।

पिछली वार्षिक आम बैठक 19 दिसंबर,2020 को आयोजित की गई थी।

वर्ष के दौरान, आम सभा और बोर्ड की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति नीचे दी जाती है:

| क्रम | निदेशक का नाम | कार्यकाल के दौरान बैठकों की संख्या | उपस्थिति | पिछले आमसभा में उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मीरा देवी | 4 | 4 | हाँ |
| 2 | श्रीमती ममता चौपाल | 4 | 4 | हाँ |
| 3 | श्रीमती पूनम कुमारी | 4 | 2 | ना |
| 4 | श्रीमती रंजू कुमारी | 4 | 2 | हाँ |
| 5 | श्रीमती अनीता देवी | 1 | 0 | NA |
| 6 | श्रीमती कोमल कुमारी | 4 | 3 | हाँ |
| 7 | श्रीमती प्रीति कुमारी | 4 | 2 | हाँ |
| 8 | श्रीमती रंजू कुमारी | 3 | 3 | हाँ |
| 9 | श्री संदीप कुमार यादव | 4 | 4 | हाँ |
| 10 | श्री ब्रजेश नरायण सिंह | 2 | 2 | हाँ |

## 13. आम बैठक (General Meetings):-

पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों का विवरण इस प्रकार है:

| क्रम | मीटिंग संख्या | बैठक की तिथि | आम सभा का स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | दूसरी आम सभा | 29.09.2018 | होटल विजेया, सहरसा, बिहार-852201 |
| 2 | तीसरी आमसभा | 30.09.2019 | संत लक्ष्मीनाथ गोसाईं, कला भवन, सुपर मार्केट, सहरसा, बिहार-852201 |
| 3 | चौथी आम सभा | 19.12.2020 | प्रतीक्षा गार्डन, हटिया गाछी, एन एच 107, सहरसा, बिहार-852201 |

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कोई असाधारण आम बैठक (ईजीएम) आयोजित नहीं की गई|

**14. ऋण,गारंटी औरनिवेश का विवरण (Particulars Of Loans, Guarantees & Investments):-**

कंपनी ने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार कोई ऋण, गारंटी और निवेश नहीं किया है।

**15. संबंधित पक्षों के साथ अनुबंध या व्यवस्थाओं का विवरण ( Particulars Of Contracts or Arrangements with related parties):-**

संबंधित पक्षों के साथ सभी अनुबंध या व्यवस्था आर्म लेन्थ प्राइस के आधार पर की जाती है। अनुबंधों या व्यवस्थाओं का विवरण 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण का हिस्सा बनाने वाले नोट्स पर दिखाई देता है।

**16. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली (Internal Control Systems):-**

कंपनी के पास उचित और पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण प्रणाली है, जो यह सुनिश्चित करती है कि सभी परिसंपत्तियों की रक्षा और सुरक्षा की जाए और लेन-देन को अधिकृत, रिकॉर्ड और रिपोर्ट किया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 378ZF के अनुसार, मेसर्स रे एंड रे,चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी के आंतरिक लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया है जो स्वतंत्र रूप से आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्तता का मूल्यांकन करते हैं,और कंपनी के खातों का आंतरिक लेखा अंकेक्षण करते है।

**17. सांविधिक लेखा परीक्षक (Statutory Auditors):-**

कंपनी के मौजूदा सांविधिक लेखा परीक्षक मेसर्स बिलिमोरिया एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, गुरुग्राम, (फर्म पंजीकरण संख्या 101496W), जिन्हें 19.12.2020 को आयोजित अंतिम आम सभा (एजीएम) में एक वर्ष की अवधि के लिए कंपनी के लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था और जो इस वार्षिक आम बैठक में रिटायर हुए हैं, ने आगामी वार्षिक आम बैठक में पुनर्नियुक्ति के लिए अनिच्छा जताई है ।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, कंपनी के निदेशक मंडल ने सदस्यों को उनके अनुमोदन के लिए, कंपनी के निदेशक मंडल ने सेवानिवृत्त लेखा परीक्षकों के स्थान ,सांविधिक लेखा परीक्षकों के रूप में मेसर्स एस एन धवन एल एल पी , चार्टर्ड अकाउंटेंट, गुरुग्राम (फर्म पंजीकरण संख्या 000050N/N500045)को नियुक्त किया है । मेसर्स एस एन धवन एल एल पी , चार्टर्ड अकाउंटेंट, गुरुग्राम (फर्म पंजीकरण संख्या 000050N/N500045) ने , यदि नियुक्त किया जाता है, तो कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों के रूप में कार्य करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है | उनकी नियुक्ति इस वार्षिक आम बैठक के समापन से 10वीं वार्षिक आम बैठक के समापन तक के लिए होगी ।

**18. वार्षिक रिटर्न के उद्धरण (Extracts of Annual Return):-**

कंपनी के वार्षिक रिटर्न के उद्धरण में सम्मिलित विवरण कंपनी के वेबसाईट **www.kaushikeemilk.com** पर उपलब्ध है |

## 19. मानव संसाधन ( Human Resource):-

लोग हमारी संपत्ति हैं और कंपनी के प्रदर्शन को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उनके जुनून, प्रतिबद्धता, स्वामित्व की भावना और टीम वर्क ने कंपनी को विकास हासिल करने में सक्षम बनाया है । कंपनी हमेशा एक सकारात्मक, सहायक, खुली और उच्च प्रदर्शन कार्य संस्कृति और पर्यावरण की पेशकश करने के लिए प्रयासरत है जहां नवीनीकरण और अच्छे प्रदर्शन को प्रोत्साहित किया जाता है, और उनको मान्यता दी जाती है और कर्मचारियों को अपनी वास्तविक क्षमता को साकार करने के लिए प्रेरित किया जाता है ।

कंपनी के दीर्घकालिक विकास को बनाए रखने के लिए, संगठन के सभी स्तरों में कंपनी के ध्येय,दीर्घदृष्टि और मूल्यों का सही अक्षरों और भावना से पालन किया जा रहा है।

## 20. सूचना प्रौद्योगिकी ( Information Technology):-

सूचना प्रौद्योगिकियां कंपनी के विभिन्न कार्यों को सहायता प्रदान करती हैं और संचालन को सुव्यवस्थित और वास्तविक समय के आधार पर बनाने में मदद करती हैं । आईटी का मुख्य फोकस, संचालन के दक्षता में सुधार के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियां सहायता प्रदान करना, उन्हें सही निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाना एवं विश्लेषण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे के सेटअप का निर्माण करना जिससे कि राजस्व में वृद्धि हो और सभी परिचालन डेटा, किसान भुगतान, डेटा-रिपोर्ट सही समय पर हो । हमारी कंपनी में आईटी हस्तक्षेप, सिस्टम को सुव्यवस्थित और ऑनलाइन बना रहे हैं।

## 21. सुरक्षा और स्वास्थ्य (Safety and Health):-

आपकी कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल प्रदान करती है। यहाँ हमेशा कर्मचारियों की स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, विशेषकर उन कर्मियों का जो शारीरिक रूप से दूध उपार्जन में समल्लित हैं |

## 22. कर्मचारियों का विवरण (Particulars Of Employees):-

रिपोर्ट के तहत वर्ष के दौरान, कंपनी के किसी भी कर्मचारी को कंपनी अधिनियम के तहत निर्धारित सीमा के बराबर या उससे अधिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ था।

## 23. केंद्र सरकार को रिपोर्ट करने योग्य धोखाधड़ी के अतिरिक्त धारा 143 की उप-धारा (12) के तहत लेखा परीक्षकों द्वारा रिपोर्ट की गई धोखाधड़ी के संबंध में विवरण (Details in Respect of Frauds Reported by Auditors Under Sub-Section (12) of Section 143 other than those which are reportable to the Central Government): -

केंद्र सरकार को रिपोर्ट करने योग्य धोखाधड़ी के अलावा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप-धारा12 के तहत कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा कोई धोखाधड़ी की सूचना नहीं दी गई थी ।

## 24. जोखिम प्रबंधन नीति (Risk Management Policy):-

मेसर्स रे एंड रे, आंतरिक लेखा परीक्षक अपनी रिपोर्ट में विभिन्न मुद्दों पर अपना जोखिम आकलन देते हैं और इन रिपोर्टों को समय-समय पर बोर्ड की बैठकों में प्रस्तुत और चर्चा की जाती है ।

आपकी कंपनी के पास किसी भी जोखिम की पहचान और उसे कम करने के लिए जोखिम प्रबंधन नीति है जिससे कंपनी के अस्तित्व को खतरा हो सकता है ।

आपकी कंपनी ने मानकों, प्रक्रियाओं और संरचना का एक सेट निर्धारित किया है जो इसे पूरे संगठन में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को लागू करने में सक्षम बनाता है।

जोखिम प्रबंधन नीति की सामग्री कंपनी की वेबसाइट (**www.kaushikeemilk.com**) पर उपलब्ध है |

**25. जमा (Deposits):-**

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, हमने कंपनी अधिनियम, 2013 और कंपनी द्वारा जमा की स्वीकृति नियम, 2014 के साथ पठित, के तहत निर्धारित सीमा से अधिक किसी भी जमा को स्वीकार नहीं किया है।

**26. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (Corporate Social Responsibility(CSR):-**

कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी(CSR) के संबंध में कंपनी एक्ट, 2013 की धारा 135 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं |

**27. लागत लेखा परीक्षा और रिकॉर्ड (Cost Audit and Records):-**

कॉस्ट ऑडिट और कॉस्ट रिकॉड्र्स के रखरखाव के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

**28. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता कोड, 2016(Insolvency and Bankruptcy Code,2016):-**

31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 के तहत कोई आवेदन नहीं किया गया है या कोई कार्यवाही लंबित नहीं है।

**29. सचेतक तंत्र (Vigil Mechanism):-**

सचेतक तंत्र के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

**30. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन के तहत प्रकटीकरण (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, (Disclosure Under Sexual Harassment of Women at the workplace(Prevention, Prohibition & Redressal) Act,2013:-**

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 और वहां बनाए गए नियमों की आवश्यकता के अनुसार, कंपनी ने एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है। वर्ष के दौरान, कंपनी को यौन उत्पीड़न के आरोप के साथ कोई शिकायत नहीं मिली है |

**31. ऊर्जा संरक्षण, अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी, तकनीकी समावेशन और विदेशी मुद्रा आय और व्यय(Conservation Of Energy, Research and Development ,Technology absorption, Foreign Exchange and Out Go:-**

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(1)(e) तथा कंपनियों (निदेशक मंडल की रिपोर्ट में विवरण का प्रकटन ) नियम, 1988 के अनुसार प्रस्तुत किए जाने वाले विवरण:

क) ऊर्जा और प्रौद्योगिकी अवशोषण के संरक्षण से संबंधित नियमों का भाग क और ख वर्तमान में कंपनी पर लागू नहीं है।

ख) विदेशी मुद्रा आय और व्यय: आय - शून्य; व्यय – शून्य ।

32. **अभि स्वीकृति (Acknowledgement):-**

निदेशक मंडल समीक्षाधीन अवधि के दौरान सदस्यों, व्यावसायिक सहयोगियों को उनके समर्थन और योगदान के लिए उनकी सराहना देना चाहता है कंपनी को निरंतर समर्थन के लिए आंतरिक और सांविधिक दोनों लेखा परीक्षकों को निदेशक मंडल धन्यवाद देना चाहते हैं ।

निदेशक मंडल एनडीडीबी डेयरी सेवा, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (जीविका) बिहार और मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दिए गए प्रोत्साहन और समर्थन को कृतज्ञता से स्वीकार करता है ।

बोर्ड सभी कर्मचारियों और सभी संबंधित व्यक्तियों के समर्पण, कड़ी मेहनत, उत्साही सहयोग के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करता है जिसके बिना कंपनी के लिए यह बहुमुखी प्रगति और विकास को प्राप्त करना संभव नहीं होता।

**निदेशक मंडल के आदेश से**

**स्थान : सहरसा**

**तिथि : 25.10.2021**

**(ह/-)**

**श्रीमती रंजू कुमारी**

**निदेशक एवं अध्यक्षा**

**(डीआईएन: 08841324)**

# <u>स्वतंत्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट</u>

**कौशिकी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सदस्यों के लिए**
**वित्तीय विवरणों पर अंकेक्षकों की रिपोर्ट (Auditors' Report)**

## राय(Opinion)

हमने कौशिकी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड "**(कंपनी)**" के वित्तीय विवरण की अंकेक्षक स्वतंत्ररूप से की है, जिसमें 31 मार्च, 2021को समाप्त वर्ष के लिए आर्थिक चिठ्ठा, लाभ एवं हानि तथा साल के लिए रोकड़ प्रवाह का विवरण और संक्षिप्त महत्त्पूर्ण लेखांकन नीतियों तथा अन्य व्याख्यात्मक जानकारी है।

हमारी राय में 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लाभ एवं नकद प्रवाह का विवरण, हमें दी गई जानकारी के आधार पर, कंपनी अधिनियम, **2013** "**( अधिनियम)**" के तहत सभी ज़रूरी जानकारी देता है तथा कंपनी अधिनियम की धारा 133 एवं भारत में स्वीकृत अन्य लेखांकन सिद्धान्तों के तहत लेखांकन मानकों के अनुरूप पारदर्शिता सुनिश्चित करता है।

## राय के आधार (Basis of Opinion)

हमने अधिनियम **(SAs)** की धारा (10) 143 के तहत निर्दिष्ट मानकों के अनुसार वित्तीय वक्तव्य का लेखापरीक्षण किया है। इन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों का विवरण हमारी रिपोर्ट के नोट्स में ,वित्तीय विवरण के लेखापरीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों के जिम्मेदारियों मे के रूप मे किया गया है। हम भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) के द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं, और हमने अधिनियम और नियमों के प्रावधानों के तहत स्वतंत्ररूप से वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के संदर्भ में इन आवश्यकताओं और आईसीएआई (ICAI) की आचार संहिता के अनुरूप अपनी नैतिक ज़िम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा के प्रमाण पर्याप्त हैं और वित्तीय वक्तव्य पर हमारी लेखापरीक्षा राय के आधार के लिए उपयुक्त हैं।

## वित्तीय विवरणों के अतिरिक्त सुचना और उस पर अंकेक्षकों की रिपोर्ट :-

- कंपनी का निदेशक मंडल अन्य जानकारी के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में निदेशक की रिपोर्ट शामिल है, किंतु इसमें वित्तीय वक्तव्य और हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है।
- वित्तीय वक्तव्य पर हमारी राय अन्य जानकारी को शामिल नहीं करती और हम किसी भी रूप में आश्वासन निष्कर्ष की अभिव्यक्ति नहीं करते हैं।
- हमारे वित्तीय वक्तव्य की लेखापरीक्षा के संदर्भ में, अन्य जानकारी को पढ़ना हमारी ज़िम्मेदोरी है और ऐसा करने में हम यह विचार करते हैं कि क्या अन्य जानकारी वित्तीय वक्तव्य या लेखापरीक्षा के दौरान हमारे द्वारा प्राप्त की गई जानकारी के लिए भौतिक रूप से असंगत है या अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होती है।
- इस काम के आधार पर अगर हमने निष्कर्ष निकाला है कि यह जानकारी अन्य जानकारी से अलग है, तो हमें वास्तविक तथ्यों को रिपोर्ट करना होगा। हमारे पास इसस संदर्भ में रिपोर्ट करने के लिए कुछ नहीं है।

**वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व :-**

कंपनी का निदेशक मंडल इन वित्तीय वक्तव्यों की तैयारी के संदर्भ में धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों के लिए ज़िम्मेदार है, जो भारत में स्वीकृत लेखांकन मानकों एवं अन्य लेखांकन सिद्धान्तों के अनुरूप कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन और नकद प्रवाह का सही एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। इस ज़िम्मदोरी में कंपनी की संपत्ति को सुरक्षित रखने, इसे किसी तरह की धोखाधड़ी या अनियमितताओं से बचाने; उचित लेखांकन नीतियों के चुनाव एवं इन्हें लागू करने; उचित फैसला लेने और तर्कसंगत अनुमान लगाने, भीतरी वित्तीय नियन्त्रण के रखरखाव के लिए प्रावधान के अनुरूप उपयुक्त लेखा रेकॉड्र्स का रखरखाव शामिल है, ताकि लेखांकन रेकॉड्र्स की सटीकता और सम्पूर्णता को सुनिश्चित किया जा सके, जो वित्तीय वक्तव्य में सही एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करे, जो किसी भी तरह की त्रुटि, गलती, धोखाधड़ी से मुक्त हो।

वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए, प्रबंधन कंपनी की क्षमता का आकलन करने के लिए प्रकटीकरण के लिए ज़िम्मेदार होता है, जब तक प्रबंधन संबंधित मामलों और लेखांकन के आधार का उपयोग करते हुए कंपनी के संचालन को बंद करने, इसे समाप्त करने या ऐसे किसी वास्तविक विकल्प का इरादा न रखता हो।

ये निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया के मूल्यांकन के लिए भी उत्तरदायी हैं।

**वित्तीय विवरणों के अंकेक्षक के लिए अंकेक्षकों का उत्तरदायित्व :-**

हमारा उद्देश्य अंकेक्षण के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है की वित्तीय विवरणों धोखाधारी या त्रुटि पूरी तरह से मुक्त है और एक अंकेक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिएजिसमे हमारी राय सम्मिल्लित है जो उचित स्थिति का प्रस्तुतीकरण है, लेकिन ये दावा नहीं है कि (SAs) के अनुरूप किया गया लेखपरीक्षण हमेशा इसमें मौजूद त्रुटि को पहचानने में सक्षम होगा। यह त्रुटि किसी गलती या धोखाधड़ी के कारण हो सकती है और इन्हें भौतिक माना जाता है, अगर ये वित्तीय वक्तव्य के आधार पर उपयोगकर्ता के आर्थिक फैसले को प्रभावित करती है।

SAs के अनुरूप किए गए लेखापरीक्षण के तहत हम प्रोफेसनल फैसला लेते हैं और लेखापरीक्षण के आधार पर प्रोफेसनल अनुमान लगाते हैं। हमः

- त्रुटि या धोखाधड़ी या लेखापरीक्षा प्रक्रिया के डिज़ाइन में गलती की वजह से एकल(standalone) वित्तीय विवरणों में भौतिक त्रुटि की पहचान और मूल्यांकन करते हैं तथा ऐसे लेखापरीक्षा प्रमाण प्राप्त करते हैं जो हमारे विचार को आधार देने के लिए पर्याप्त एवं उचित हो। त्रुटि के बजाए धोखाधड़ी के कारण हुई गलती को न पहचानने की संभावना अधिक होती है क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाज़ी, जानबूझकर की गई गलती या आंतरिक नियन्त्रण की उपेक्षा शामिल होती है।
- हम ऐसी लेखपरीक्षा प्रक्रिया के डिज़ाइन के लिए लेखापरीक्षा के संदर्भ में भीतरी वित्तीय नियन्त्रण को समझने का प्रयास करते हैं, जो परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त हो किंतु कंपनी के भीतरी नियन्त्रण की प्रभाविता पर विचार अभिव्यक्त करते के प्रयोजन के लिए न हो।
- लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता, लेखांकन अनुमानों की तर्कसंगतता तथा प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित खुलासे का मूल्यांकन करते हैं।

- लेखापरीक्षण के परिणामों के आधार प्रबंधन द्वारा लेखों के इस्तेमाल की उपयुक्तता की समीक्षा करते हैं, हम मूल्यांकन करते हैं कि क्या किसी ऐसी स्थिति के संबंध में भौतिक अनिश्चितता मौजूद है, जो कंपनी की क्षमता पर संदेह उत्पन्न कर सकती है। अगर हमें लगता है कि भौतिक अनिश्चितता मौजूद है, तो हम स्टैण्डअलोन वित्तीय वक्तव्य में संबंधित खुलासे की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं, अथवा अगर ऐसे खुलासे अनुपयुक्त हैं, तो हमारे विचार में संशोधन करते हैं। हालांकि भावी कार्यक्रम या घटनाएं कंपनी के लिए चिंता का विषय बन सकती हैं।
- वित्तीय विवरण के सभी अवयवों, समग्र प्रेज़ेन्टेशन और खुलासे का मूल्यांकन करते हैं और जांचते हैं कि क्या वित्तीय वक्तव्य अंतर्निहित लेनदेनों को अभिव्यक्त करता है और घटनाओं को पारदर्शी रूप में प्रस्तुत करता है।

हम त्रुटि या धोखाधड़ी या भौतिकता स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों में त्रुटि का परिमाण है, जो व्यक्तिगत या समग्र रूप से, इस बात की संभावना उत्पन्न करता है कि एकल (standalone) वित्तीय विवरण के यथोचित जानकार उपयोगकर्ताका आर्थिक फैसला प्रभावित हो सकता है। हम:

1) हमारे लेखापरीक्षा काय्र के दायरे की योजना और हमारे कार्य के परिणामों के मूल्यांकन;

, और 2) एकल (standalone) वित्तीय विवरणों में पहचानी गई त्रुटि के प्रभाव के मूल्यांकन के लिए गुणात्मक भौतिकता और मात्रात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम वक्तव्य से जुड़े अधिकारियों को हमारे द्वारा संकलित की गई सभी प्रासंगिक जानकारी उपलब्ध कराते हैं, उनसे आवश्यकतानुसार सभी मामलों के बारे में बातचीत करते हैं जिनका प्रभाव हमारी स्वतन्त्रता पर पड़ सकता है।

हम उन लोगों को भी एक बयान के साथ शासन प्रदान करते हैं जो हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, और उन सभी रिश्तों और अन्य मामलों के साथ संवाद करने के लिए जिन्हें हमारी स्वतंत्रता पर सहन करने के लिए उचित माना जा सकता है, और जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपाय।

**अन्य वैधानिक एवं नियामक आवाश्यकताओं पर प्रितिवेदन)रिपोर्ट(:-**

1. कंपनी अधिनियम की धारा 143 (3) के अनुसार, हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि :

   (क) हमने अपनी जानकारी के अनुसार हर संभव जानकारी और स्पटीकरण प्राप्त किया है, जो हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए अनिवार्य है।

   (ख) हमारे विचार में, कानून के मुताबिक आवश्यक, उचित लेखा पुस्तकें अब तक कंपनी द्वारा रखी गई हैं, जो हमारे द्वारा इन पुस्तकों की जांच में स्पष्ट होता है।

   (ग) इस रिपोर्ट की बैलेंस शीट, लाभ हानि विवरण तथा नकद प्रवाह विवरण खातों की पुस्तकों में दिए गए समझौते के अनुरूप है।

   (घ) हमारे विचार में, कथित वित्तीय विवरण अधिनिमय की धारा 133 में निर्दिष्ट मानकों के अनुरूप है।

(ङ) निदेशक मंडल के रेकॉर्ड के मुताबिक और 31 मार्च 2021 के निदेश्ज्ञकों से मिली लिखित अभिव्यक्ति के आधार पर, किसी भी निदेशक को अधिनियम की धारा 164(2) के तहत 31 मार्च 2021 तक निदेशक रूप में नियुक्त किए जाने के लिए अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

(च) अधिनियम की धारा 197(16) के अनुसार लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में शामिल अन्य मामलों के संदर्भ में, जैसा कि संशोधित किया गया है,

हमारे विचार में और हमारी जानकारी के मुताबिक और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी एक निजी कंपनी है, ऐसे में प्रबंधकीय पारिश्रमिक के मामले में अधिनियम की धारा 197 लागू नहीं होती है।

2. हमारे विचार और हमारी जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षा की रिपोर्ट में शामिल अन्य मामलों के संदर्भ में,

   i. कंपनी के कोई लंबित मुकदमे नहीं हैं जिनका असर इसकी वितीय स्थिति पर पड़ सकता है।

   ii. व्युत्पन्न अनुबंधों सहित कंपनी के कोई दीर्घकालिक अनुबंध नहीं हैं, जिनके कारण उन्हें किसी भौतिक नुकसान की संभावना हो।

   iii. ऐसी कोई राशि नहीं थी, जिसे कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और सुरक्षा कोष में स्थानान्तरित करने की आवश्यकता हो।

3. जैसा कि अधिनियम की धारा 143(11) के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2016 ("आदेश/सीएआरओ CARAO 2016") द्वारा अपेक्षित है, हम आदेश के पैराग्राफ 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर "अनुलग्नक अ" में एक विवरण देते हैं।

4. जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XXIA के भाग IV की धारा 378ZG द्वारा अपेक्षित है, हम "अनुलग्नक ब " में उस अनुभाग में निर्दिष्ट मामलों पर एक विवरण देते हैं।

**एस. बी. बिलिमोरिया एंड कंपनी के लिए**
**चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स**
**(पंजीकरण सं. 101496W)**

**जितेंद्र अग्रवाल**
**साझेदार**

**ICAI सदस्य सं 87104**

**स्थान :नई दिल्ली**

**दिनांक :13.09.2021**

**(यू डी आई एन: 21087104AAAAFQ6990)**

**लेखा अंकेक्षक के प्रितिवेदन (रिपोर्ट) के लिए अनुलग्नक "अ"**

(हमारी रिपोर्ट के खंड 'अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' के तहत पैराग्राफ 2 में संदर्भित)

(i) इसके प्लांट, सम्पत्ति और उपकरणों के संदर्भ में:

(क) कंपनी से सम्पूर्ण विवरण से युक्त उचित रेकॉड्र्स रखे हैं, जिनमें प्लांट, सम्पत्ति और उपकरण का मात्रात्मक विवरण एवं स्थिति शामिल है।

(ख) सत्यापन के नियमित कार्यक्रम के अनुसार प्रबंधन द्वारा प्लांट, सम्पत्ति और उपकरणों का भौतिक सत्यापक साल के दौरन किया गया, जो हमारी राय में उचित अंतराल पर प्लांट, सम्पत्ति और उपकरणों का भौतिक सत्यापन प्रदान करता है। हमें दी गई जानकारी और स्पष्अीकरण के अनुसार इस सत्यापन में कोई भी असमानता नहीं पाई गई है।

(ग) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के पास फ्रीहोल्ड या लीज़होल्ड ज़मीन की कोई अचल सम्पत्ति नहीं है और इसलिए सीएआरओ 2016 के खंड (i)(c) के तहत रिपोर्टिंग वैद्य नहीं है।

(ii) जैसा कि हमें बताया गया है साल के दौरान उचित अंतराल पर प्रबंधन द्वारा इन्वेंटरी का भौतिक सत्यापन किया गया और भौतिक सत्यापन में किसी तरह की भौतिक असमानता नहीं पाई गई।

(iii) कंपनी ने कोई भी सुरक्षित या असुरक्षित ऋण किसी कंपनी, फर्म या लिमिटेड दायित्व साझेदार या अन्य पार्टी को नहीं दिया है जो कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 189 के तहत पंजीकृत है।

(iv) कंपनी ने कोई ऋण नहीं दिया है, निवेश नहीं किया है और न ही किसी तरह की गांरटी दी है और इसलिए (CARO) सीएआरओ 2016 के अनुछेद 3(iv) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

(v) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के मुताबिक कंपनी ने जनता से कोई धनराशि स्वीकार नहीं की है। इसलिए (CARO)सीएआरओ 2016 के खंड (v) का प्रावधान लागू नहीं है।

(vi) कंपनी के कारोबार /गतिविधियों की प्रवृति के संदर्भ में (CARO)सी ए आर ओ 2016 के खंड(vi) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(vii) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के मुताबिक वैधानिक बकाया के संदर्भ में:

क. कंपनी ने आमतौर पर नियमित रूप से अपने वैधानिक बकाया उपयुक्त अधिकारियों को जमा किए हैं जिसमें प्रोविडेन्ट फंड(Provident fund), कर्मचारी बीमा, आयकल, जीएसटी, सैस एवं अन्य बकाया राशि शामिल है। हमें सूचित किया गया है कि साल के दौरान कंपनी के तहत होने वाले संचालन कस्टम ड्यूटी और एक्साइज़ ड्यूटी के किसी तरह की देयता उत्पन्न नहीं करते हैं।

ख. 31 मार्च, 2021को भुगतान योग्य दिनांक से छह महीने से अवधि के लिए प्रोविडेन्ट फंड, कर्मचारी बीमा, आयकर, कस्टम ड्यूटी, एक्साइज़ ड्यूटी, जीएसटी, सैसएवं अन्य किसी भी संदर्भ में कोई विवादित राशि देय नहीं है।

ग. 31 मार्च, 2021 को प्रोविडेन्ट फंड, कर्मचारी बीमा, आयकर, कस्टम ड्यूटी, एक्साइज़ ड्यूटी, जीएसटी, सैसएवं अन्य किसी भी संदर्भ में बकाया राशि देय नहीं है।

(viii) कंपनी ने कोई ऋण या धनराशि किसी वित्तीय संस्थान, बैंकों और सरकार से स्वीकार नहीं की है। और ना ही कोई डिबेंचर जारी किए हैं। इसलिए (CARO) सीएआरओ 2016 के खंड(viii) का प्रावधान लागू नहीं है।

(ix) कंपनी ने शुरूआती सार्वजनिक पेशकश, या अगली सार्वजनिक पेशकश (ऋण उपकरण सहित) या आवधिक ऋण के माध्यम से कोई धनराशि नहीं जुटाई है। इसलिए (CARO) सीएआरओ 2016के खंड (ix) का प्रावधा लागू नहीं है।

(x) हमारी जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के मुताबिक कंपनी द्वारा कोई धोखाधड़ी नहीं की गई है और न ही इसके अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कंपनी पर धोखाखड़ी का कोई मामला साल के दौरान दर्ज किया गया है।

(xi) कंपनी एक निजी कंपनी है और कंपनी अधिनियम 2013 के धारा 197 के प्रावधान लागू नहीं होते।

(xii) कंपनी एक निधी कंपनी नहीं है और इसलिए (CARO) सी ए आर ओ 2016 के खंड (xii) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(xiii) कंपनी एक निजी कंपनी है और कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177 और 188 का प्रावधान वैद्य नहीं है। हमारे राय में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने वैद्य लेखा मानकों के अनुसार आवश्यक वित्तीय विवरणों में संबंधी पक्षीय लेनदेनों का विवरण दिया है।

(xiv) वर्ष के दौरान कंपनी ने कोई तरजीही आवंटन नहीं किया है या शेयरों का निजी प्लेसमेंट नहीं किया है या आंशिक या पूर्ण रूप से रूपान्तरण योग्य डिबेंचर्स का हस्तान्तरण नहीं किया है और इसलिए सी ए आर ओ 2016 के खंड (xiv) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(xv) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के मुताबिक साल के दौरान कंपनी ने अपने निदेशकों या इससे जुड़े लोगों के साथ गैर-नकदी लेनदेन नहीं किए हैं और इसलिए कंपनी अधिनिमय 2013 की धारा 192 वैद्य नहीं है।

(xvi) कंपनी को भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम,1934 की धारा-45 IA के तहत पंजीकृत करने की आवश्यकता नहीं है।

**एस. बी. बिलिमोरिया एंड कंपनी के लिए**
चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स
(पंजीकरण सं. 101496**W**)
**जितेंद्र अग्रवाल**
**साझेदार**
**ICAI सदस्य सं 87104**
**(UIDIN यू डी आई एन: 21087104AAAAFQ16990)**

**स्थान :नई दिल्ली**

**दिनांक :13.09.2021**

**<u>लेखा अंकेक्षक के प्रितिवेदन (रिपोर्ट) के लिए अनुलग्नक "ब"</u>**

(हमारी रिपोर्ट के खंड ''अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' के तहत पैराग्राफ 3 में संदर्भित)

i. माल एवं सेवाओं की बिक्री से बकाया ऋण राशि का उल्लेख वित्तीय वक्तव्य के नोट 15 में किया गया है। हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार नोट 15 मैं दर्शाये वित्तीय विवरणों के अलावा कोई भी ऋण वसूली के लिए संदिग्ध नहीं है।

ii. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के अंत में हाथ में मौजूद पैसे का भौतिक सत्यापन प्रबंधन द्वारा किया गया है और इस सत्यापन में किसी तरह की असमानता नहीं पाई गई है। हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी कोई निवेश प्रतिभूति नहीं रखती है।

iii. 31 मार्च, 2021को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए सम्पत्ति एवं देयता का विवरण कंपनी के 31 मार्च, 2021के वित्तीय विवरण के अनुरूप है।

iv. हमारे विचार में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के मुताबि कंपनी ने ऐसा कोई भी लेनदेन नहीं किया है जो कंपनी अधिनियम 2013 के भाग XXIA के प्रावधानों के विपरीत प्रतीत होता हो।

v. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के मुताबिक कंपनी ने अपने निदेशकों को कोई ऋण नहीं दिया है।

vi. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के मुताबिक कंपनी ने साल के दौरान कोई दान या सदस्यता नहीं दी है।

एस. बी. बिलिमोरिया एंड कंपनी के लिए
चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स
(पंजीकरण सं. 101496**W**)

**जितेंद्र अग्रवाल**
**साझेदार**

**ICAI सदस्य सं 87104**

**स्थान :नई दिल्ली**

**दिनांक :13.09.2021**

**(यू डी आई एन: 21087104AAAAFQ6990)**

# कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

## सहरसा बिहार

### 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष का अंकेक्षित आर्थिक चिट्ठा

| विवरण | नोट सं. | 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए (₹) | 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए (₹) |
|---|---|---|---|
| समता एवं दायित्व | | | |
| अंशधारकों का कोष | | | |
| (अ) अंश पूंजी | 3 | 11,062,500 | 5,332,800 |
| (ब) संचित एवं अधिशेष | 4 | 12,514,340 | 5,461,316 |
| आवंटन हेतु लंबित अंश आवेदन राशि | 34 | 1,838,300 | 1,968,200 |
| आस्थगित अनुदान | 5 | 120,208,352 | 106,129,480 |
| गैर–चालू दायित्व | | | |
| (अ) दीर्घकालीन प्रावधान | 6 | 3,503,076 | 1,742,292 |
| (ब) अन्य दीर्घकालीन दायित्व | 7 | 7,719,952 | 5,486,781 |
| चालू दायित्व | | | |
| (अ) ) व्यापारिक देनदारियां | | | |
| (i) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की कुल बकाया राशि | 8 | 502,562 | 3,570,810 |
| (ii) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के अलावा अन्य लेनदारों की कुल बकाया राशि | | 20,694,471 | 15,517,632 |
| (ब) अन्य चालू दायित्व | 9 | 28,087,470 | 15,918,386 |
| (स) अल्पकालीन प्रावधान | 10 | 146,103 | 2,399,027 |
| **कुल योग** | | **206,277,126** | **163,526,725** |
| संपत्तियाँ | | | |
| गैर–चालू संपत्तियाँ | | | |
| (अ) संपत्ति, प्लांट और उपकरण | | | |
| (i) मूर्त संपत्तियाँ | 11a | 87,492,569 | 76,517,616 |
| (ii) अमूर्त संपत्तियाँ | 11b | 1,089,665 | 1,392,299 |
| (iii) प्रगति अधीन पूंजी | 11c | 24,961,568 | 24,931,594 |
| (iv) विकास के तहत अमूर्त संपत्तियाँ | 11c | 6,590,450 | 5,287,971 |
| (ब) आस्थगित कर संपत्ति (शुद्ध) | 12 | 948,786 | 648,096 |
| (स) दीर्घकालीन. ऋण एवं अग्रिम | 13 | 326,092 | 218,923 |
| चालू संपत्तियाँ | | | |
| (अ) स्टॉक | 14 | 6,544,061 | 4,990,358 |
| (ब) व्यापारिक लेनदारियाँ | 15 | 13,585,153 | 10,010,601 |
| (स) रोकड एवं रोकड तूल्य | 16 | 2,601,205 | 11,125,247 |
| (द) अल्पकालीन ऋण एवं अग्रिम | 17 | 62,137,577 | 30,404,019 |
| **कुल योग** | | **206,277,126** | **163,526,725** |

**हमारी संलग्न रिपोर्ट के संदर्भ में**

**वास्ते एस बी बिल्लिमोरिया एंड कंपनी**
**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स**
**फर्म पंजीकरण संख्या-101496W**
**ह-/.**
**जितेन्द्र अग्रवाल**
**साझेदार**
**(ICAI सदस्यता सं- 87104)**

**स्थान-नई दिल्ली**

**दिनांक 13 सेप्टेम्बर, 2021**

**वास्ते निदेशक मंडल एवं उनकी ओर से**

**ह-/.**
**(संदीप कुमार यादव)**
**निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी**
**DIN: 08614881**

**ह-/.**
**( मीरा देवी)**
**निदेशक एवं अध्यक्षा**
**DIN:07904299**

**ह -/.**
**(प्रेमशंकर चौधरी)**
**कंपनी सचिव**
**ICSI सदस्यता सं- 48978**
**स्थान-सहरसा,**

**ह -/.**
**(शैलेन्द्रनाथ शुक्ला)**
**प्रबन्धक – खाता एवं वित्त**
**दिनांक 13 सेप्टेम्बर, 2021**

# कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

## सहरसा बिहार

### 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष का अंकेक्षित लाभ-हानि विवरण

| विवरण | | नोट सं. | 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए (₹) | 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिऐ (₹) |
|---|---|---|---|---|
| I. | परिचालन से राजस्व | 18 | 262,368,392 | 165,445,608 |
| II. | अन्य राजस्व | 19 | 536,064 | 2,117,149 |
| III. | कुल राजस्व | | **262,904,456** | **167,562,757** |
| IV. | व्ययः | | | |
| | व्यवसाय में लगे स्टॉक की खरीद | 20 | 230,767,973 | 148,479,109 |
| | व्यवसाय में लगे स्टॉक में परिवर्तन | 21 | 370,917 | (3,141,808) |
| | कर्मचारियों के लाभों संबंधित व्यय | 22 | 5,373,953 | 1,576,389 |
| | वित्तीय लागतें | 23 | - | 136,455 |
| | मूल्य ह्रास एवं परिशोधन व्यय | 11 | - | - |
| | अन्य व्यय | 24 | 18,161,340 | 7,917,083 |
| | कुल व्यय | | **254,674,183** | **154,967,227** |
| V. | कर पूर्व लाभ/(हानि (III- IV) | | 8,230,273 | 12,595,530 |
| VI. | कर व्ययः | | | |
| | (क) चालू कर | | 1,237,060 | 2,210,405 |
| | (ख) आस्थगित कर व्यय/(आय) | | (300690) | (648,096) |
| | (ग) गतवर्ष संबधित लघु प्रावधान | | 240,879 | - |
| | शुद्ध कर व्यय अवधि | | 1,177,249 | 1,562,309 |
| VII. | वर्ष का लाभ/(हानि) **कर के बाद**(V-VI) | | **7,053,024** | **11,033,221** |
| VIII. | प्रति समता अंश आय | 28 | | |
| | समता अंश 100 रूपये प्रति अंश | | | |
| | (1) मूल | | 93.37 | 621.03 |
| | (2) डायल्यूटेड | | 92.82 | 582.27 |

**हमारी संलग्न रिपोर्ट के संदर्भ में**
**वास्ते एस बी बिल्लिमोरिया एंड कंपनी**
**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स**
**फर्म पंजीकरण संख्या-101496W**
**ह-/.**
**जितेन्द्र अग्रवाल**
**साझेदार**
**(ICAI सदस्यता सं- 87104)**
**स्थान-नई दिल्ली**

**दिनांक 13 सेप्टेम्बर, 2021**

**वास्ते निदेशक मंडल एवं उनकी ओर से**

**ह-/.**
**(संदीप कुमार यादव)**
**निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी**
**DIN: 08614881**

**ह-/.**
**( मीरा देवी)**
**निदेशक एवं अध्यक्षा**
**DIN:07904299**

**ह -/.**
**(प्रेमशंकर चौधरी)**
**कंपनी सचिव**
**ICSI सदस्यता सं- 48978**
**स्थान-सहरसा,**

**ह -/.**
**(शैलेन्द्रनाथ शुक्ला)**
**प्रबन्धक – खाता एवं वित्त**
**दिनांक13 सेप्टेम्बर, 2021**

# कौशिकी महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
## सहरसा बिहार
### 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष का रोकड़ प्रवाह विवरण

| | विवरण | | 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए | | 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| अ) | प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह | | | | |
| | लाभ–हानि विवरण के अनुसार कर से पूर्व शुद्ध लाभ | | 8,230,273 | | 12,595,530 |
| | **समायोजन के लिए :** | | | | |
| | प्राप्त ब्याज | | (56443) | | - |
| | संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | | - | | 510,316 |
| | कर्मचारी लाभों के लिए प्रावधान | | 1,829,890 | | 1,381,276 |
| | कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पूर्व व्यावसायिक लाभ | | 10,003,720 | | 14,487,121 |
| | कार्यशील पूंजी के लिए समायोजन: | | | | |
| | स्टॉक में वृद्धि / (कमी) | | (1,553,703) | | (4,716,059) |
| | यावसायिक प्राप्यों में वृद्धि / (कमी) | | (3,574,551) | | (8,341,373) |
| | दीर्घकालीन ऋणों एवं अग्रिमों में वृद्धि / (कमी) | | (107,169) | | (53,148) |
| | अल्पकालीन ऋणों एवं अग्रिमों में वृद्धि / (कमी) | | (31,733,557) | | (7,874,556) |
| | व्यावसायिक देयताओं में वृद्धि / (कमी) | | 2,108,591 | | 14,104,646 |
| | अन्य दीर्घकालीन दायित्वों में वृद्धि / (कमी) | | 2,233,171 | | 4,286,930 |
| | अन्य चालू दायित्वों में वृद्धि / (कमी) | | 17,539 | | (14,417) |
| | (प्रयुक्त) परिचालन गतिविधियों से शुद्ध रोकड़ प्रवाह | | **(22,605,959)** | | **11,879,144** |
| | शुद्ध आय कर भुगतान | | (3725870) | | (24,830) |
| | प्रयुक्त / परिचालन गतिविधियों से शुद्ध रोकड़ प्रवाह (अ) | | **(26331829)** | | **11,854,314** |
| ब) | विनियोगात्मक गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह | | | | |
| | प्राप्त ब्याज | | 56,443 | | - |
| | संपत्ति संयंत्र और उपकरण के लिए भुगतान (पूंजीगत अनुदान का शुद्ध) | | 12,151,545 | | (9,258,862) |
| | विनियोगात्मक गतिविधियों से शुद्ध रोकड़ प्रवाह (ब) | | **12,207,988** | | **(9,258,862)** |
| स) | वित्तीय गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह | | | | |
| | समता अंश जारी करने से प्राप्तियां | | 3,761,500 | | 4,455,200 |
| | अंश आवेदन राशि से प्राप्तियां | | 1,838,300 | | 1,968,200 |
| | प्रयुक्त वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध रोकड़ प्रवाह (स) | | **5,599,800** | | **6,423,400** |
| | रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य में शुद्ध वृद्धि / कमी (अ +ब् +स) | | **(8524041)** | | **9,018,852** |
| | **रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य का आरम्भिक शेष** | | **11,125,246** | | **1,969,938** |
| | **रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य का अंतिम शेष** | | **2,601,205** | | **10,988,790** |
| | **रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य में सम्मिलित है** | | | | |
| | **बैंक शेष** | | | | |
| | –चालू खाते | | **2,601,205** | | **11,125,246** |
| | **रोकड़ प्रवाह विवरण के अनुसार** रोकड एवं रोकड तुल्य | | **2,601,205** | | 11,125,246 |
| | **आर्थिक चिट्ठा के अनुसार** रोकड एवं रोकड तुल्य (**नोट्स 16**) | | **2,601,205** | | **11,125,246** |

**हमारी संलग्न रिपोर्ट के संदर्भ में**

**वास्ते एस बी बिल्लिमोरिया एंड कंपनी**
**चार्टर्ड एकाउंटेंट्स**
**फर्म पंजीकरण संख्या-101496W**
**ह-/.**
**जितेन्द्र अग्रवाल**
**साझेदार**
**(ICAI सदस्यता सं- 87104)**
**स्थान-नई दिल्ली**
**दिनांक 13 सेप्टेम्बर, 2021**

**वास्ते निदेशक मंडल एवं उनकी ओर से**

**ह-/.**
**(संदीप कुमार यादव)**
